**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी,भोपाल**

**दिनांक - 12.07.2026** **समय : 2.10 पीएम**

**प्रधानमंत्री – वापसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड की छह दिन की सफल यात्रा के बाद नई दिल्ली लौट आए हैं। तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में श्री मोदी ने राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के निमंत्रण पर इस महीने की 6 से 8 तारीख तक इंडोनेशिया का दौरा किया। अपनी यात्रा के दूसरे चरण में, प्रधानमंत्री मोदी मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया गए। श्री मोदी ने ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ के साथ तीसरे भारत-ऑस्ट्रेलिया वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लिया। अपनी यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-ऑस्ट्रेलिया सीईओ फोरम में भी भाग लिया, जहां उन्होंने दोनों देशों के शीर्ष व्यापारिक नेताओं की सभा को संबोधित किया। अंतिम चरण में, प्रधानमंत्री ने न्यूज़ीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के निमंत्रण पर 10 से 11 जुलाई तक ऑकलैंड का दौरा किया। न्यूज़ीलैंड की यह यात्रा किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री की 40 वर्षों में पहली यात्रा थी।

**लाड़ली बहना योजना**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अब से कुछ देर बाद भिंड जिले के लहार में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में 'मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना" के तहत प्रदेश की लगभग 1 करोड़ 25 लाख 15 हजार से अधिक महिलाओं के खातों में 38वीं किश्त के 1 हजार 835 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का अंतरण करेंगे। राज्य सरकार द्वारा माह नवंबर 2025 से इस मासिक आर्थिक सहायता राशि में 250 रुपये की बढ़ोतरी किए जाने के बाद से सभी पात्र हितग्राही महिलाओं को प्रति माह 1,500 रुपये की निरंतर वित्तीय सहायता मिल रही है। योजना की शुरुआत यानी जून 2023 से लेकर जून 2026 तक सरकार द्वारा कुल 37 किश्तों का नियमित अंतरण सफलता पूर्वक किया जा चुका है। मुख्यमंत्री कार्यक्रम में 238 करोड़ 96 लाख रुपये की लागत से पूर्ण हो चुके 40 विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे।

**पौधरोपण अभियान**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज इंदौर में 21 लाख पौधों का रोपण एवं 51 हजार वर्षा जल संचयन यूनिट स्थापना के महाअभियान का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर संचालित "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत पौधरोपण के इस अभियान में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने सहभागिता की। यह महाअभियान पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास और जल संवर्धन को जन-आंदोलन का स्वरूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। अभियान के अंतर्गत व्यापक स्तर पर पौधारोपण के साथ 51 हजार वर्षा जल संचयन यूनिट स्थापित कर वर्षा जल के संरक्षण को भी बढ़ावा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने नागरिकों से इस महाअभियान में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पर्यावरण संरक्षण और जल संवर्धन के संकल्प को मजबूत बनाने का आग्रह किया गया।

**ई-प्रवेश**

ई-प्रवेश अभियान में अब तक प्रदेश में 4 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। उच्च शिक्षा में प्रवेश के लिए कल तक 6,53,103 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया है, जबकि 5,65,576 आवेदनों का सत्यापन सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा चुका है। द्वितीय चरण की कॉलेज स्तरीय काउंसिलिंग वर्तमान में संचालित है तथा पंजीयन एवं प्रवेश की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026 निर्धारित है। प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत अब तक 4,00,206 विद्यार्थियों ने विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर एवं शिक्षक शिक्षा-NCTE पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्राप्त कर लिया है।

**मौसम**

अब खबर मौसम की, मौसम विभाग के अनुसार अगले चार दिनों तक प्रदेश में बादल छाए रहने और हल्की बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। आज इंदौर सहित 27 जिलों में बूंदाबांदी और कहीं-कहीं आंधी के साथ हल्की बारिश होने का अनुमान जताया गया है। वहीं भोपाल, ग्वालियर और उज्जैन संभाग में दिन के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक रविवार को भिंड, दतिया, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला, बालाघाट, सिवनी, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, खंडवा, बुरहानपुर, देवास, इंदौर, खरगोन, धार, बड़वानी, झाबुआ और अलीराजपुर में हल्की बारिश और आंधी की संभावना है।

**संक्षिप्त समाचार**

1- महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने झाबुआ के रोटला में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। यहां उन्होंने पौधरोपण भी किया।

2- विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर आगरमालवा जिले के कानड़ में आयुष मेडिकल ऑफिसर ने मां और बच्चे की अच्छी सेहत के लिए गर्भधारण का सही समय चुनना और दो बच्चों के बीच सही अंतर रखने के बारे में जानकारी दी।

3- बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत नर्मदापुरम जिले के शासकीय कन्या महाविद्यालय इटारसी में आयोजित पिंक लाइसेंस ड्राइव में करीब 80 छात्राओं को निशुल्क लर्निंग लाइसेंस प्रदान किए गए।

4- पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर में सतर्कता विभाग की दो दिवसीय कार्य-निष्पादन समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

..............................